# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in ई–मेलः ce@shekhauni.ac.in

क्रमांकः 14780 दिनांक : 25/08/2026

**प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा करवाने के संबंध में आवश्यक सूचना**

विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक 14753 दिनांक 24.08.2026 के क्रम में सत्र 2023–24 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (NEP–2020) लागू होने के पश्चात अर्थशास्त्र विषय के प्रथम सेमेस्टर के ऐसे नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थी जिनकी लंबित प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन दिनांक 01.09.2026 से दिनांक 03.09.2026 तक किया जा रहा है । उक्त परीक्षार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु निम्नानुसार निर्धारित केंद्रों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण लेने की अनुमति प्रदान की गई है। उसी क्रम में प्रायोगिक परीक्षा केंद्र महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त परीक्षार्थियों का नियमानुसार **निर्धारित प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा कर प्रायोगिक प्रशिक्षण करवा कर, प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 03.09.2026 तक** करवाना सुनिश्चित करें ।

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर (343) | सीकर जिले के समस्त परीक्षार्थी |
| 2. | एस. आर. आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू (192) | झुंझुनू जिले के समस्त परीक्षार्थी |

परीक्षा नियंत्रक

दिनांक– 25/08/2026

क्रमांकः 14781 - 14784

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलगुरू, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
3. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय अपने संबंधित परीक्षार्थियों को सूचित करवाने का श्रम करें।
4. प्रभारी वेबसाइट, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in ई–मेलः ce@shekhauni.ac.in


क्रमांकः 14753 दिनांक : 24/08/2026

## कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय में सत्र 2023–24 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (NEP–2020) लागू होने के पश्चात पाठ्यक्रम एवं परीक्षा प्रणाली में हुए परिवर्तन के कारण कुछ ऐसे नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थी, जिन्होंने पूर्ववर्ती पाठ्यक्रम/व्यवस्था के अंतर्गत अर्थशास्त्र विषय में सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत अध्ययन किया था, उनकी प्रायोगिक परीक्षा लंबित रह गई है। सक्षम स्तर के अनुमोदनोपरांत उक्त विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित को दृष्टिगत रखते हुए उनकी लंबित प्रायोगिक परीक्षा का दिनांक 01.09.2026 से दिनांक 03.09.2026 तक निम्नानुसार महाविद्यालयों में आयोजन किया जाना हैः–

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर (343) | सीकर जिले के समस्त परीक्षार्थी |
| 2. | एस. आर. आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू (192) | झुंझुनू जिले के समस्त परीक्षार्थी |

अतः उक्त संबंधित केन्द्राधीक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे परीक्षार्थियों के विधिवत प्रायोगिक रिकॉर्ड एवं प्रवेश पत्र की जाँच करने के पश्चात नियमानुसार निर्धारित तिथि में प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन करवाना सुनिश्चित करें। ताकि लंबित विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम पूर्ण किया जा सके।

किसी भी प्रकार की शंका के समाधान के लिए विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग के हेल्पलाइन नंबर (7398532208, 9151006023) पर संपर्क किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः 14754 – 757 दिनांक : 24/08/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलगुरू, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
3. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा), पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
4. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय अपने संबंधित परीक्षार्थियों को सूचित करवाने का श्रम करें।
5. संबंधित फर्म
6. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक